# तीन बार बनी पुलिया, हर बार चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट!

## पाइप से झांकता भ्रष्टाचार खोल रहा है पंचायत राज की पोल

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** एक तरफ सरकार ग्रामीण इलाकों में सड़कों और पुलियों के जाल बिछाने का दम भरती है, वहीं दूसरी तरफ पंचायत सचिव सरकारी खजाने को चूना लगाने में मशगूल हैं। सिलोदा में खेतों की ओर जाने वाले रास्ते पर बनी पुलिया, भ्रष्टाचार की ऐसी जीती-जागती मिसाल है, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाए।

ग्रामीणों के मुताबिक, यह पुलिया अब तक तीन बार बनाई जा चुकी है, लेकिन हर बार यह पहली ही बारिश में ताश के पत्तों की तरह ढह जाती है। बन रही पुलिया की तस्वीरे गुणवत्ता बायां कर रही है। यहां कांक्रीट के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी की गई है। पाइप के चारों ओर केवल गिट्टी मुरूम डाल कर कार्य पूर्ण कर दिया गया, जबकि मौके पर दिखावे की गिट्टी डस्ट पड़ा हुआ है लेकिन उपयोग नहीं किया गया।



जो साफ तौर पर घटिया निर्माण का सबूत है।

**पाइप के जोड़ पर लटकता 'जुगाड़' :**तस्वीर में पाइप के जोड़ के पास पतले-पतले तार लटकते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये तार न तो पुलिया को कोई मजबूती दे रहे हैं और न ही किसी तकनीकी मानक का हिस्सा लगते हैं। यह सिर्फ काम को आनन-फानन में निपटाने और पैसे बचाने का एक भद्दा 'जुगाड़' प्रतीत होता है, जिसने पुलिया की उम्र को कुछ ही महीनों तक सीमित कर दिया।



### तीन बार निर्माण : विकास या 'कमाई' का बना साधन?

एक ही पुलिया को तीन बार क्यों बनाना पड़ा? क्या पहली और दूसरी बार के निर्माण में कोई जांच नहीं हुई? ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि यह जानबूझकर किया गया घोटाला है।

### किसानों पर दोहरी मार, प्रशासन मौन

यह पुलिया खेतों की ओर जाने वाले मुख्य रास्ते पर है। इसके टूटने से किसानों को खाद, बीज, और फसल लाने-ले जाने में भारी मुसीबत हो रही है। उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ खेतों तक नहीं पहुँच पा रही हैं। पंचायत की लापरवाही का खामियाजा गरीब किसान भुगत रहे हैं।



## कांजीबेड़ा पहाड़ी पर स्वप्न के आधार पर हुई खुदाई में निकली देवी प्रतिमा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुईफल स्थित कांजीबेड़ा पहाड़ी सोमवार को एक रोचक घटनाक्रम सामने आया। यहां पहाड़ी की खुदाई के दौरान एक प्राचीन पाषाणकालीन देवी प्रतिमा प्राप्त हुई है जिसके देवीय चमत्कार के रूप में देखा जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम के पीछे एक बाबा के स्वप्न की कहानी जुड़ी हुई है जिसने ग्रामीणों को इस स्थान पर खुदाई के लिए प्रेरित किया।

बताया जा रहा है कि पुनासा क्षेत्र के अंजनिया कलां निवासी राजू भील को पिछले एक साल से लगातार स्वप्न आ रहे थे कि इस पहाड़ी पर देवी की प्रतिमा दबी हुई है। राजू ने इस संबंध में ग्राम भुईफल की सरपंच लक्ष्मीबाई मंडलोई से कई बार संपर्क किया लेकिन शुरुआती दौर में इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। हालांकि नवरात्रि के दौरान राजू ने पुन: सरपंच और ग्रामीणों से संपर्क कर अपनी बात दोहराई जिसके बाद सोमवार को सरपंच पति गजराज मंडलोई और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में बताए गए स्थान पर खुदाई शुरू की गई।

जैसे ही जमीन के भीतर से पत्थर की प्राचीन प्रतिमा दिखाई दी वहां मौजूद लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह पहाड़ी प्रशासनिक और भू-वैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां पूर्व से ही एक चर्च और जिले का भूकंप मापी यंत्र स्थापित है। प्रतिमा निकलने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कानून व्यवस्था को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। अधिकारियों ने वर्तमान में एक निगरानी समिति बनाने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रतिमा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। फिलहाल ग्रामीणों ने उसी स्थान पर टेंट लगाकर प्रतिमा को स्थापित कर दिया है जहां दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। सरपंच और ग्रामवासियों ने अटूट आस्था व्यक्त करते हुए उसी स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प लिया है। चूंकि यह जमीन सरकारी है इसलिए अब ग्रामीण प्रशासन से मंदिर निर्माण की अनुमति प्राप्त करने की तैयारी में जुटे हैं जबकि पुरातत्व विभाग की नजर से भी इस प्राचीन प्रतिमा के ऐतिहासिक महत्व का आंकलन किया जा सकता है।

### एक नजर में

## भजन के बिना हमारा जीवन अधूरा : चेतना भारती



**खंडवा।** ग्राम कोलाडिट में आयोजित संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण कथा के द्वितीय दिवस पर कथा प्रवक्ता चेतना भारती दीदी ने श्रद्धालुओं को भजन और साधना का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जैसे मनुष्य भोजन, आहार और सांस के बिना नहीं रह सकता, ठीक उसी प्रकार भजन के बिना भी जीवन अधूरा है।

दीदीश्री ने कहा कि मनुष्य मन, वचन और कर्म से प्रतिदिन कई पाप करता है, लेकिन भजन नहीं करता, जिससे अवगुण बढ़ते जाते हैं। आदर्श स्थिति तो यह है कि हर सांस में प्रभु का स्मरण हो, लेकिन यदि यह संभव न हो तो 24 घंटे में से कम से कम एक घंटा पूरी तल्लीनता से भगवान को समर्पित करना चाहिए। इस समय में सांसारिक चिंताओं को भूलकर ईश्वर की भक्ति में लीन होना साधना मार्ग में बहुत सहायक होता है। इस अवसर पर उन्होंने कथा आयोजन के लिए मुकाती परिवार की सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें व्यासपीठ से साधुवाद दिया।

## भव्य रथयात्रा के साथ मनाई भगवान महावीर जयंती



**खंडवा।** अहिंसा और जियो और जीने दो का संदेश देने वाले जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती सोमवार को शहर में उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की अनुशासित रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। विशेष बात यह रही कि वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार समाजजन स्वयं अपने हाथों से भगवान का रथ खींचते हैं।

समाज के सचिव सुनील जैन और मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव हर वर्ष सामूहिक रूप से मनाया जाता है। सुबह सराफा स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर तुलसी उद्यान पहुंची। यहां समाज के वरिष्ठ वीरेंद्र जैन साटकुट, विनोदनी जैन और सुभद्रा जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इसके बाद सुबह 8 बजे भगवान महावीर की विशाल रथयात्रा पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बुधवारा, केवलराम पेट्रोल पंप, बांबे बाजार होते हुए घंटाघर स्थित महावीर जैन उद्यान पहुंची। यहां एसडीएम ऋषि सिंघई, डॉ सुभाष जैनी और सुरेश लुहाड़िया द्वारा केसरिया ध्वज फहराया गया। रथयात्रा में कांति भाई जैन और संजय पंचोलिया ने भजनों की प्रस्तुति दी, जबकि पंडित निखिलेश जैन ने धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराईं।

रथयात्रा विठ्ठल मंदिर, बजरंग चौक होते हुए घासपुरा स्थित महावीर जैन मंदिर पहुंची, जहां महाआरती के साथ श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य किया। इसके बाद नमीनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर में सामूहिक आरती की गई। रथयात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा समाजजनों का स्वागत किया गया।

यात्रा में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता अमर यादव, भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने समाजजनों के साथ रथ खींचकर भगवान महावीर की आरती की। कार्यक्रम के समापन पर अग्रवाल धर्मशाला में जैन सोशल ग्रुप द्वारा वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सकल जैन समाज के लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

## खंडवा 15 जुलाई तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**खंडवा।** कलेक्टर द्वारा जारी इस आदेश का सार यह है कि जिले में गिरते वाटर लेवल के कारण 15 जुलाई 2026 तक पूरे क्षेत्र को जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया गया है। अब बिना अनुमति के घरेलू काम के अलावा किसी भी अन्य काम के लिए पानी का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। साथ ही, निजी तौर पर नए नलकूप (बोरवेल) खोदने पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है और इसके लिए सक्षम अधिकारी की मंजूरी अनिवार्य होगी।

# निमाड़ वनिता विश्व संस्था का नया सत्र शुरू

## पारंपरिक वेशभूषा में सजी सखियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** स्थानीय निमाड़ वनिता विश्व क्लब के नए सत्र का शुभारंभ शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। अनेकता में एकता - भारत की पहचान विषय पर आधारित इस गरिमामय कार्यक्रम में संस्था की सदस्य महिलाएं विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक पेश करती नजर आईं।

इस दौरान राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा, बंगाल, पंजाब, उत्तर प्रदेश सहित निमाड़ और मालवा की पारंपरिक वेशभूषा में सजी सखियों ने अपने-अपने अंचल के लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक शकुंतला राठौर ने प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1948 में



स्वर्गीय इंदु बाई सेठ द्वारा स्थापित यह संस्था विगत 78 वर्षों से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के स्वावलंबन व सेवा के लिए निरंतर कार्यरत है। स्थापना काल में श्रीमती सुब्बाराव, शशि प्रभा अरझरे, हीरा मढ़ी तिवारी, रामा सकारगायें, सीता पंवार, उमा हांडा, सुशीला मिश्रा एवं भाग्यवती कार्पिहान जैसी विभूतियों ने आधारशिला रखी थी।

सत्र के पहले दिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में राजस्थानी पोशाक के लिए अणिमा उबेजा को प्रथम, निमाड़ी वेशभूषा के लिए प्रतिभा जैन को द्वितीय और बंगाली ड्रेस के लिए मीनाक्षी श्रीवास्तव को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

वहीं ज्योति दुबे को चतुर्थ तथा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। पुरस्कार वितरण सरोज मिश्रा और भवानी पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सोनाली सेनगुप्ता और भारती चतुर्वेदी ने किया, जबकि खेल एवं सहभोज का प्रबंधन अनीता कैप्रीहन, अंजना शुक्ला, आशा हेड़ाऊ और कंचन अत्रिवाल के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। बैठक में कोषाध्यक्ष भारती चतुर्वेदी ने गत वर्ष का आय-व्यय पत्रक प्रस्तुत किया और आगामी सेवा गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में क्लब की ओर से सभी सदस्यों को भेंट दी गई और गीता शर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ आयोजन का समापन हुआ।

## संकल्प से समाधान अभियान के जिला स्तरीय शिविर में हितलाभ बांटा

**खंडवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत सोमवार को खंडवा के गौरीकुंज सभागृह में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से सरकार स्वयं नागरिकों के द्वार तक पहुंचकर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ दिला रही है। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सराहना की।

कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव, मांधाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ नागार्जुन बी गौडा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र और लाभ वितरित किए गए। महापौर यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी, लाडली बहना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह



जैसी योजनाएं चला रही है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में चार चरणों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें करीब 93 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से लगभग 85 हजार पात्र आवेदकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक छाया मोरे, नारायण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संदीप बोरासी, निर्मला बाई, छाया बाई, सोनाली राठौर और सुंदरलाल महाजन सहित कई हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत कमलेश नामदेव, राधेश्याम पटेल, वसंत वर्मा, संदीप सोलंकी सहित अन्य हितग्राहियों को भी लाभ प्रदान किया गया।

## कांग्रेस का रामराज्य अभियान का शंखनाद 5 अप्रैल से

**खंडवा।** सम्यक अभियान द्वारा संचालित चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु खण्डवा जिला आयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को गांधी भवन में आयोजित की गई। पल्लवी राजबहादुर सिंह राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में आगामी 5 अप्रैल को खण्डवा आगमन पर इंदिरा ज्योति यात्रा के भव्य नगर भ्रमण की रूपरेखा तैयार की गई। यह यात्रा छिंदवाड़ा के ऐतिहासिक गांधी गंज से भास्कर राव रोकड़े के नेतृत्व में प्रारंभ हुई है। इस यात्रा के साथ-साथ 'चलें रामराज्य की ओर' अभियान भी संचालित किया जा रहा है, जिसकी अवधारणा बापू ने वर्ष 1929 में भय, भ्रष्टाचार और भेदभाव मुक्त समाज के निर्माण हेतु दी थी। यात्रा के दौरान अभियान के प्रभारी प्रेस वार्ता को संबोधित कर इसकी विस्तृत कार्ययोजना साझा करेंगे। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिमा रघुवंशी और रचना तिवारी सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## राज्य एनजीओ पब्लिक फोरम का ओंकारेश्वर में वार्षिक अधिवेशन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** मध्य प्रदेश एनजीओ पब्लिक फोरम का भव्य वार्षिक अधिवेशन, शपथ विधि एवं पुरस्कार वितरण समारोह तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। फोरम के प्रदेश अध्यक्ष केबी मंसारे ने स्वागत भाषण देते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु एनजीओ की भूमिका को रेखांकित किया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। अधिवेशन में रायपुर की राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कलाकार ममता अहार ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित प्रभावशाली नाटक



प्रस्तुत किया। समाजसेवी माधुरी बेन ने मानवाधिकारों पर वक्तव्य देते हुए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को जागरूक करने पर जोर दिया। एसआर किरावर ने अंधविश्वास उन्मूलन और अभिजीत वेलफेयर सोसाइटी ने गीतों के माध्यम से अपनी बात रखी। कार्यक्रम में प्रमोद जैन, देवेंद्र चौकसे, डॉ जगदीश चौरे सहित प्रदेशभर के सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। समापन अवसर पर संस्था ने नर्मदा में सीवरेज का पानी रोकने, प्रदूषण मुक्त स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान जन-जागरूकता रैली निकालकर प्रकृति बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कृष्णपाल सिंह इगरिया ने किया एवं आभार दिनेश निरवेल ने व्यक्त किया। आयोजन में नारायण फरकले, बरखा ठाकरे और राजकुमार विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## अवैध शराब, यातायात उल्लंघन और असामाजिक तत्वों कार्रवाई

**खण्डवा।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए पंधाना, धनगांव और मूंदी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब और देशी मदिरा जब्त की गई है, जिसकी कुल कीमत हजारों में आंकी गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही सुनिश्चित की है। वहीं दूसरी ओर, सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात पुलिस और थाना प्रभारियों ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर भी सख्ती दिखाई। बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, और नंबर प्लेट के वाहन चलाने वाले कुल 28 चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 18,300 रुपये का समन शुल्क वसूला गया है।

# सूरजकुंड में रेलवे विस्तार के बीच प्रभावितों के लिए खड़ी हुई महापौर, मुआवजे की राह खुली

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** शहर के बुनियादी ढांचे के विकास और रेलवे विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों के बीच आम नागरिकों के हितों की रक्षा को लेकर महापौर अमृता अमर यादव ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहल की है। सोमवार को महापौर ने सूरजकुंड वार्ड क्षेत्र में रेलवे की निर्माण गतिविधियों के कारण प्रभावित हो रहे रहवासियों और उनके आजीविका के साधनों के विषय पर जिला कलेक्टर के साथ प्रभावी चर्चा की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य



विकास की प्रक्रिया में मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देना और प्रभावित परिवारों के साथ न्याय सुनिश्चित करना रहा। चर्चा के दौरान महापौर ने कलेक्टर के समक्ष रेलवे विभाग द्वारा किए जा रहे विस्तार कार्यों के अंतर्गत जिन क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की स्थिति निर्मित हो रही है, वहां प्रशासन को संवेदनशील रवैया अपनाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्षों से



निवास कर रहे परिवारों और छोटे व्यवसायियों की आजीविका को ध्यान में रखते हुए ही कोई भी कदम उठाया जाए। महापौर की इस जनहितैषी मांग पर जिला कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर को अतिक्रमण की सीमाओं का सूक्ष्मता से सीमांकन करने के निर्देश दिए।

प्रशासनिक स्तर पर यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार की कार्यवाही पूरी तरह से पारदर्शिता और समन्वय के साथ संपन्न होगी। इस बैठक का एक अत्यंत राहतकारी परिणाम यह निकला कि प्रशासन ने उन प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा देने की बात स्वीकार की है, जिनके पास संबंधित भूमि या निर्माण के वैध और कानूनी दस्तावेज उपलब्ध हैं।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, जिला उपाध्यक्ष प्रियांशु चौर, वार्ड पार्षद संतोष सारवान और वेदप्रकाश मालाकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।